दिन– शुक्रवार                                                    दिनांक– 05 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगी।

02. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

03. आज विश्व पर्यावरण दिवस है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में उद्यान परियोजना के अन्तर्गत एक लाख पेड़ लगाने के कार्य का शुभारंभ करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर और जमुई सहित राज्य के कुछ स्थानों पर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

————————————————

न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगी। मुख्य समारोह पटना स्थित लोकभव में होगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन उन्हें शपथ दिलायेंगे। शपथ के बाद न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय को उनके सम्मान में पटना हाई कोर्ट में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले न्यायमूर्ति मीनाक्षी सिक्किम उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश थीं। वे पटना हाई कोर्ट की दूसरी महिला और अड़तालीसवीं मुख्य न्यायाधीश होंगी।

————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व योगासन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से अपने–अपने देशों में आयुष मंत्रालय के योग तीन सौ पैंसठ अभियान के वैश्विक राजदूत बनने का आह्वान किया है। अहमदाबाद में चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में श्री मोदी ने कहा कि योग से जुड़े रहने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय ने योग तीन सौ पैंसठ अभियान की शुरुआत की है। आठ जून तक आयोजित होने वाली पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में साठ से अधिक देशों के चार सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि योग स्वस्थ रहने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण है।

———साउंड बाईट———

————————————————

प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सरकारी भवनों के सौर ऊर्जाकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के दो वर्ष पूर्ण होने तथा एक करोड़ छतों तक सौर ऊर्जा के विस्तार के अवसर पर यह पुरस्कार प्रदान किया गया। राज्य की ओर से नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक और ब्रेडा के निदेशक राहुल कुमार ने यह सम्मान प्राप्त किया। राज्य सरकार ने इसे नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बिहार की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

इधर, महिलाओं की सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित पिंक बस सेवा के लिए बिहार का चयन प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड के लिए किया गया है। यह पुरस्कार आगामी बीस जून को नई दिल्ली में आयोजित स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया जाएगा। पिंक बस सेवा को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस उपलब्धि से राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

———————————————

कृषि विभाग ने खरीफ मौसम से पहले उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत राज्य में उनतीस उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि दो सौ आठ प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में किसानों को उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और निर्धारित मूल्य पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

———————————————

रिजर्व बैंक आज अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा आज सुबह दस बजे मुंबई में मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। छह सदस्यीय समिति ने बुधवार को तीन दिवसीय विचार–विमर्श शुरू किया था। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अप्रैल में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी प्रमुख नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया था।

–––साउंड बाईट–––

———————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने अदालतों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग पर मसौदा जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि कोई भी न्यायिक निर्णय केवल एआई द्वारा उपलब्ध कराए गए विश्लेषण या एल्गोरिथम निर्णय लेने पर आधारित नहीं हो सकता। मसौदे पर लोगों से इस माह की बीस तारीख तक सुझाव मांगे गए हैं।

——————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रचारित उन खबरों का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सरकार राष्ट्रीय छात्र लैपटॉप योजना दो हजार छब्बीस के तहत छात्रों को मुफ्त लैपटॉप देने के लिए आवेदन आमंत्रित कर रही है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक ईकाइ ने बताया है कि यह दावा फर्जी है। कार्यालय ने कहा है कि सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना या विज्ञापन जारी नहीं किया गया है।

——————————————————

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। पृथ्वी पर जीवन को बचाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत, यह दिवस वर्ष पांच जून को उन्नीस सौ तिहत्तर से मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इधर, राजधानी पटना के जे.पी. गंगा पथ सम्रह उद्यान परियोजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज एक लाख पेड़ लगाने के कार्य शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी आम जनों से अधिक–अधिक से अधिक पौधा रोपण कर धरती पर हरियाली बढ़ाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने लोगों को बिजली की बचत, सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने, ईंधन बचाने और ई.वी. वाहनों के उपयोग करने को कहा है।

——————————————————

मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर और जमुई सहित राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाइट———

इधर, पटना सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

——————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी शिक्षकों को ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर व्यक्तिगत और सेवा संबंधी सूचनाओं का सत्यापन तथा संशोधन शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि आज के बाद ई–शिक्षा कोष पोर्टल को बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद इस पोर्टल पर किसी भी प्रकार को संशोधन नहीं होगा।

———————————————————

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। आज ही के दिन महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जे.पी. की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

———————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना के फुलवारीशरीफ प्रखंड के मैनपुरंदा पंचायत में राजस्व कर्मचारी राणा रणविजय गोपाल को पैंतालीस हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान राजस्व कर्मचारी के सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कर्मचारी पर अवैध अतिक्रमण को हटाने संबंधी रिपोर्ट देने के बदले राशि ले रहा था।

———————————————————

रोहतास जिले के विभिन्न स्कूलों में फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे एक सौ बयालीस शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गयी है। उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय ने संबंधित नियोजन इकाईयों से इन शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। ये सभी शिक्षक पिछले दस साल से वेतन ले रहे थे।

———————————————————

अररिया जिले में निर्धारित किराया से अधिक राशि वसूलने वाले बस संचालकों के विरूद्ध जिला प्रशासन ने विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बस संचालकों को यात्रियों से केवल निर्धारित किराया ही लेने का निर्देश दिया।

———————————————————

भोजपुर पुलिस, मद्य निषेध और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई में डेढ़ किलो से अधिक मात्रा में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करोड़ों रूपये बतायी जा रही है।

———————————————————

अररिया जिले के भरगामा प्रखंड अन्तर्गत खजुरी पंचायत के बलुआही टोला में एक पोखर में नहाने के दौरान डूबने से तीन किशोरियों की मौत हो गयी।

—————————————————————

अरवल जिला प्रशासन की ओर से बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री और समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान वित्तीय समावेशन, ऋण वितरण, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े विषयों पर समीक्षा की गयी।

—————————————————————

भारतीय खेल प्राधिकरण, साई पटना की ओर से विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सात जून को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली सुबह छह बजे पटना के इनकम टैक्स गोलम्बर से शुरू होकर पटना जू तक जाएगी। इस आयोजन में राज्य के विभिन्न खेल संघों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के साथ–साथ सशस्त्र बलों के जवान भी भाग लेंगे। रैली का उद्देश्य लोगों को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

—————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, सड़कों–पुलों के रख–रखाव में कोताही बर्दाश्त नहीं।

दैनिक जागरण लिखता है– सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, सरकार नौकरी सिर्फ निर्धारित योग्यता वाले अभ्यर्थियों को ही।

दैनिक भास्कर ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है–बिहार में मौसम के दो रंग, दक्षिण में लू ते उत्तर में वज्रपात का अलर्ट। मॉनसून ने केरल में दस्तकर दी।

प्रभात खबर ने मुजफ्फरपुर अस्पताल में अग्निकांड की खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– आईसीयू बन गया श्मशान, छह मरीज जिंदा जले।

आज अखबार का शीर्षक है– लालू–राबड़ी की जेड प्लस सिक्योरिटी छीनी, तेज प्रताप को भी झटका। राष्ट्रीय सागर लिखता है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप का शुभारंभ।

—————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगी।

02. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बिहार को राष्ट्रीय पुस्कार से सम्मानित किया गया।

03. आज विश्व पर्यावरण दिवस है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में उद्यान परियोजना के अन्तर्गत एक लाख पेड़ लगाने के कार्य का शुभारंभ करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर और जमुई सहित राज्य के कुछ स्थानों पर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।